तापमान

अधिकतम 31.2 डिग्री

न्यूनतम 25.6 डिग्री

# हरिभूमि महासमुंद भूमि

रायपुर, सोमवार 24 जून 2024

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]



10 रानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर...





10 समारोह में शामिल होने भोपाल रवाना हुए विमल ...




## खबर संक्षेप

### बाइक की ठोकर से युवक की मौत

**महासमुंद।** तुमगांव थाना के ग्राम खरसा में मोटर सायकल की ठोकर से एक व्यक्ति की इलाज के दौरन मौत होने पर मामला दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार 6 जनवरी 2024 को भूषण कुमार प्रजापति अपने गांव भैंसो पामगढ़ से मोटर सायकल क्रमांक सीजी 13 एएम 6056 में बिरकोनी के लिए निकला था, तभी ग्राम खड़सा के पास पीछे से आ रही मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीजेड 5857 के चालक ने अपने मोटरसायकल से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे भूषण कुमार प्रजापति पिता नान्हु राम प्रजापति (30 साल) निवासी दर्राकुआ चौक वार्ड नं 8 पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा को गंभीर चोट लगने से इलाज के लिए रायपुर ले जाया गया, जहां ईलाज दौरान 29 जनवरी 2024 को 8:30 बजे इलाज के दौरान भूषण की मृत्यु हो गई। मामले में पुलिस ने आरोपी मोटर सायकल के चालक के विरूद्ध अपराध धारा 304 ए भादवि का पाए जाने से अपराध कायम कर विवेचना में लिया है।

### मारपीट की शिकायत करने पर मां-बेटे को पीटा जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** सरायपाली थाना के ग्राम बैतारी में एक व्यक्ति ने मां-बेटे से मारपीट की। मामले की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। प्रार्थिया पूर्णिमा ने पुलिस को बताया कि उसका बेटा उमेश साहू केपी इंटरनेशनल स्कूल चट्टीगिरोला में पढ़ाता है जो 21 जून 2024 को कोठार में रखे धान को देखने गया था तथा वहां से घर वापस आते समय उमेश को हृदयानंद साहू ने मारपीट की। इस बात की शिकायत करने जब उमेश सरायपाली गया तो इसी दौरान उसके घर के दरवाजे पर तेरा बेटा हमारी शिकायत करने गया है, कहकर गालियां देते हुए हृदयानंद साहू ने डंडा से तथा ओमप्रकाश ने हाथ लात से मारपीट किया व मां-बेटे को जान से मार देंगे कहकर धमकी दिया। मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध अपराध धारा 294, 323, 34, 506 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### अज्ञात कारणों से युवक ने लगाई फांसी

**महासमुंद।** बागबाहरा के वार्ड नं. 5 गणेश पारा में एक युवक ने फांसी लगा ली है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 21 जून को रात करीब 10 बजे शुभम बंसल पिता स्व. प्रेमचंद (25 साल) निवासी वार्ड नं. 5 गणेश पारा बागबाहरा ने अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर कार्यवाही विवेचना में लिया है।

### सड़क किनारे खड़ी ट्रक को पीछे से मारी ठोकर

**महासमुंद।** बागबाहरा थाना अंतर्गत बस स्टैंड के पास खड़ी एक ट्रक को पीछे से ठोकर मारने का मामला पुलिस में दर्ज कराया गया है। टिकरापारा जिला रायपुर निवासी आशाराम ने बताया कि 20 जून 2024 को वह गैरेज के ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीएस 4509 से बागबाहरा के व्यापारियों का लगेज लेकर बागबाहरा आया था और बारिश होने के कारण सामान खाली नहीं होने से रात में अक्षय फर्नीचर के पास मेन रोड के किनारे गाड़ी खड़ी कर उसमें बैठा हुआ था इसके बाद रात्रि करीब 11:20 बजे रायपुर की ओर से आ रही ट्रक क्रमांक आरजे 19 जीएच 7357 का चालक द्वारा अपने वाहन को तेजी एवं लापरपूवाही पूर्वक चलाकर पीछे से रोड किनारे खड़ी ट्रक ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। ट्रक क्रमांक आरजे 19 जीएच 7357 चालक के ठोकर मारने से उसके गाड़ी में भरा सामान एवं वाहन क्षतिग्रस्त हो गया, तथा आरोपी चालक वहां से भाग गया। मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी चालक के विरुद्ध अपराध धारा 279, 337 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

## जैन युवा दुकानों के सामने कर रहे एंटी डैम पेंट ताकि, न काई जमें न जीव हत्या हो



# जीव प्राण रक्षा के लिए युवाओं का संकल्प लोगों के लिए प्रेरणादायी

रत्नेश सोनी ▶▶| महासमुंद

शहर के गोल बाजार और सराफा लाइन में इन दिनों दुकानों और घरों के प्रवेश स्थल में सफेद रंग के पेंट लोगों के मन में तरह-तरह के सवाल पैदा कर रहे हैं। यह जीव रक्षा और दया के लिए प्रतिबध्द जैन अनुयाइयों की अनूठी पहल से जुड़ा हुआ है। जिसे जैन समुदाय के युवाओं ने जैन गुरुओं की प्रेरणा से इसके लिए पहल की है। इन सब के पीछे जो उद्देश्य सामने आया वह ये है कि बारिश के दिनों में अक्सर पानी का जमाव होने से काई उग आती है जो सैंकड़ों नही करोड़ों जीवों का घर होता है। आवाजाही के दौरान पैर से कुचले न जाएं और जीव हत्या से जैन बंधु विलग रहें, इसलिए घरों और दुकानों के प्रवेश में यह पेंट लगाया जारहा है ताकि काई ही न जमे। धर्मरक्षक श्री शांतिनाथ जैन मंडल से जुड़े तकरीबन 20 युवा जिनकी उम्र 25 वर्ष के भीतर ही है, ने अपने धर्मगुरुओं से इसे सुना। जिसमें पता चला की पलक को झपकने जितने अल्प समय में ही 17 बार इन जीवों का जन्म-मरण होता है। और काई में पनपने वाले यह जीव आने जाने वालों के पैरों से कुचले जाते है। इसकि लिए एंटी डैम प्रूफ पेंट लगाया जा रहा है।





### युवा ही कर रहे श्रम दान

इन युवाओं की टीम ने इसके लिए आपस में ही जुटाई गई रकम से इस कार्य का बीड़ा उठाया है और इन्हीं युवाओं की टीम जैन बंधुओं के घरों के सामने रात में इस कार्य के लिए श्रमदान कर पेंटिंग का कार्य कर रहे हैं। युवाओं की यह पहल समाज में चर्चा का विषय बनी हुई है और लोग स्वयं होकर इस पुनीत कार्य में योगदान देने सहभागी बन रहे हैं। इसी क्रम में सजातीय पेंट व्यवसायी द्वारा युवाओं को पेंट भी किफायती दाम में उपलब्ध कराया जा रहा है।

### असंख्य जीवों की बचेगी जान

युवाओं ने बताया कि अभी इस कार्य की शुरुआत हुई है। लोगों को जीव हत्या से बचाने खासकर जैन समुदाय के लोगों से इस पुनीत कार्य में जल्द से जल्द शामिल होने की बात कही जा रही है ताकि बरसात से पहले ही इसे यथोपचारित कर दिया गया तो असंख्य जीवों की जान बचाने में वे सफल रहेंगे।

## मांग : खुलने जा रहे हैं फिर स्कूल, हादसों के साथ न हो शुरुआत, बायपास जरुरी

# पूछता है महासमुंद, कब बनेगा बायपास?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर में बढ़ते यातायात की समस्या के बावजूद बायपास मार्ग के लिए अब तक कोई मजबूत पहल सामने नही आ पाई है। स्कूल एक बार फिर खुलने जा रहे हैं जिसके साथ ही ये समस्या एक बार फिर पेश आएगी। बायपास न होने के कारण शहर के भीतर से गुजरे राजमार्ग में लगातार हो रही वाहन दुर्घटनाएं, किसी भी आयोजन के दौरान वन वे करने की स्थिति के अलावा लोगों को घंटों जाम में फंसे रहने की भी मजबूरी रहती है।

बायपास नहीं होने से जो प्रमुख समस्या सामने आती हैं उनमें मुख्य है शहर में ट्रैफिक जाम की स्थिति, जिससे लोग कई घंटों तक फंसे रहते हैं। यह न केवल समय की बर्बादी का कारण बनता है बल्कि शहरी विकास को भी बाधित करता है। वहीं शहर में बढ़ती वाहन संख्या और गुजरने वाले हैवी वाहनों से शहरी वातावरण काफी प्रदूषित हो रहा है, जिससे नागरिकों के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। शहर में बड़े वाहनों के प्रवेश को समय-समय पर प्रतिबंधित किया जाता है लेकिन, इससे भी शहर के व्यवसाइयों को काफी परेशानी होती है। उन्हें मंगाए गए उत्पाद समय पर नहीं मिल पाते, जिससे व्यापार भी प्रभावित हो रहा है।



### फिर से खुलने जा रहे हैं स्कूल, होगी परेशानी

उल्लेखनीय है कि शहर के अंदर भारी वाहनों के आवागमन में सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली छात्र-छात्राओं को होती है। एक बार फिर स्कूल खुलने जा रहे हैं, ऐसे में स्कूल लगने व छूटने के समय अधिक दबाव के कारण स्कूली छात्र फिर प्रभावित होंगे। शहर के भीतर इस समय पर कई हादसे हो चुके हैं। आमजन की मानें तो बायपास मार्ग का निर्माण जल्द होता है, तो सबसे पहले शहर में भारी व मालवाहक वाहनों से होने वाले हादसे कम हो जाएंगे। वहीं शहर के अंदर लंबी दूरी की गाड़ियां नहीं गुजरेगी और जाम की समस्या नहीं होगी। वर्तमान में चौक-चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल लगे हुए हैं। इसके चालू व बंद होने से भारी वाहनों की भी कतार लगी रहती है।

### पूर्व विधायक ने लिखा था पत्र

महासमुंद में बाईपास मार्ग के लिए पूर्व संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने केंद्रीय सड़क मंत्री को पत्र लिखकर यातायात व शहर के अंदर भारी वाहनों के प्रवेश से हो रहे हादसे से अवगत कराते हुए बाईपास की मांग की थी। जिसकी स्वीकृति का पत्र भी केंद्रीय मंत्री से विधायक को मिला था। लोगों को इंतजार है कि बढ़ते यातायात की परेशानी से मुक्ति के लिए बायपास का निर्माण होगा।

### समिति और विधायक की जल्द होगी बैठक

बायपास निर्माण संघर्ष समिति द्वारा इसके लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। रितेश गोलछा ने बताया कि जल्द ही इस समस्या के समाधान के लिए पहल होगी। पिछले कई माह से समिति प्रयासरत हैं और स्थानीय विधायक योगेश्वर राजू सिंहा द्वारा जल्द बैठक कर इस समस्या के समाधान के लिए प्रयास किए जाने आश्वस्त किया गया है।

### समाधान की आवश्यकता

शहर में बढ़ते यातायात को घटाने के लिए जरुरी हो गया है कि शहर से होकर गुजरने वाले एनएच के ट्रैफिक को डायवर्ट किया जाए। लेकिन, इसके लिए सबसे पहले बायपास रोड की ही आवश्यकता है। इसके पश्चात शहर के भीतरी यातायात को कम करने के लिए निजी चारपहिया वाहन और दोपहिया वाहनों की संख्या में कमी लाने के लिए लोगों को पब्लिक ट्रांसपोर्ट की ओर प्रेरित करने के साथ पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए सिटी बस का संचालन आवश्यक है। ताकि लोग व्यक्तिगत वाहनों का उपयोग कम कर सकें। इसके साथ लोगों को साइकल और पैदल चलने के लिए भी जागरुक किया जाए।

# निर्विवाद जीवन जिया अग्नि ने, अब हो गए मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



अविभाजित मध्यप्रदेश में दिग्विजय शासनकाल में अपनी ही सरकार के खिलाफ जिला निर्माण के लिए मोर्चा खोलने वाले और तीन बार विधायक रहे अग्नि चंद्राकर अब नहीं रहे। रविवार को उन्होंने राजधानी स्थित एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। वे काफी दिनों से अस्वस्थ थे।

बता दें कि पूर्व विधायक अग्नि चंद्राकर का अंतिम संस्कार दिनांक 24 जून को 1 बजे गृह ग्राम लभराकला में होगा। उनके पार्थिव शरीर को राजधानी से पहले स्टेशन रोड स्थित निवास लाया जाएगा। जहां से अंतिम यात्रा निकलेगी। कांग्रेस भवन में कांग्रेसी कार्यकर्ता उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि देंगे तत्पश्चात लभरा कला में अंतिम संस्कार होगा। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी मौजूद रहेंगे।

### पंचायत से पहुंचे विधानसभा तक

दिवंगत अग्नि चंद्राकर का जीवनकाल और राजनीतिक कार्यकाल निर्विवाद रहा। वे एक लोकप्रिय जनसेवक के तौर पर जाने जाते रहे। अपने राजनीतिक कार्यकाल की शुरुआत उन्होंने पंचायत स्तर से की जिसके बाद वे 3 बार विधायक रहे। साथ ही संगठन में भी उन्होंने 10 वर्षों तक जिलाध्यक्षीय दायित्व का निर्वहन किया। हाल ही वे बीज विकास निगम के अध्यक्ष भी रहे।

## बायपास से 12 किलोग्राम गांजा जब्त

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने 22 जून को मुखबिर की सूचना पर रात करीब 10:30 बजे एनएच 353 रोड़ रायपुर बायपास के पास एक व्यक्ति से करीब 12 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि एनएच 353 रोड़ रायपुर बायपास के पास आरोपी शेख सद्दाम पिता स्व. हमिद शेख (34 साल) निवासी बसना अवैध रूप से 12 किलो गांजा कीमत 1,80,000 रुपए को बिक्री करने के लिए रखा जाना पाया गया। आरोपी के पास से 1 नग मोबाइल कीमत 7 हजार रुपए को जब्त कर अपराध धारा 20 बी नारकोटिक्स एक्ट कायम कर कार्रवाई में लिया गया है।

## डेढ़ सास की हत्या, पत्नी और सास पर जानलेवा हमले के आरोपी को उम्रकैद की सजा

**महासमुंद।** बीच बचाव करने आई डेढ़ सास की हत्या और पत्नी तथा सास पर जानलेवा हमला के मामले में आरोप दोष सिद्ध होने प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी ने वार्ड नंबर 11 नयापारा महासमुंद निवासी 50 वर्षीय आरोपित नंदकुमार ध्रुव पिता गंगाराम ध्रुव को भादसं की धारा 302 के तहत सश्रम आजीवन कारावास व 1 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। इसी तरह जानलेवा हमला के मामले में धारा 307 के तहत 10-10 वर्ष की सजा व 5-5 सौ रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नहीं पटाने पर 6-6 माह का सश्रम कारावास पृथक से भुगतना होगा। शेष सजाएं साथ-साथ चलेगी। अभियोजन के अनुसार प्रार्थी श्रवण यादव ने सिटी कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई कि वह वार्ड नंबर 11 नयापारा में रहता है। 22 जून 2021 की रात्रि करीब 11 बजे उसकी सास परमा ध्रुव, साली चमेली ध्रुव और उसके दो बच्चे आए और जानकारी दी कि चमेली ध्रुव का पति नंदकुमार शराब पीकर लड़ाई कर रहा है। रात में घर पर रूकेंगे कहने पर उन सभी को घर में रूकने दिया। कुछ देर चर्चा करने के बाद सभी लोग सो गए। सुबह शोरगुल से उसकी नींद खुली तो वह देखा कि नंदकुमार ध्रुव ने परछी में अपने हाथ में बड़ा चाकू लेकर अपनी पत्नी चमेली ध्रुव के ऊपर हमला किया जिससे उसे गंभीर चोट पहुंची। बाजू में सास परमा ध्रुव ने भी बीच-बचाव किया तो उस पर जानलेवा हमला किया। इसी बीच परमा ध्रुव को बचाने चमेली उर्फ चंपी यादव सामने आई तो उस पर प्राणघातक हमला कर दिया। चोट लगते ही चमेली जमीन पर गिर गई गले से चाकू निकालकर आरोपी नंदकुमार वहां से भाग गया। चूंकि उसकी पत्नी चमेली यादव को बचाने के कारण वह आरोपी को पकड़ नहीं पाया। घटना के बाद लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। सूचना पर 112 की गाड़ी आई और तीनों घायलों को जिला अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर ने प्रार्थी की पत्नी चमेली यादव को मृत घोषित कर दिया। विवेचना उपरांत मामला कोर्ट को सौंपा गया।

# व्यापम ने ली दो पालियों में शिक्षक पात्रता की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा ली गई शिक्षक पात्रता परीक्षा दो पालियों में संपन्न हुई। जिसमे पीजी कॉलेज परीक्षा केंद्र में लगभग 50 से 60 प्रतिशत ही अभ्यर्थी उपस्थित हुए एवं बाकी अनुपस्थित रहे। रविवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक इस परीक्षा वर्ग में शामिल होने वाले अभ्यर्थी कक्षा 1 से पांच तक की कक्षा के लिए पात्रता परीक्षा दी। जबकि, दूसरी पाली में दोपहर 2 बजे से 4.45 बजे तक के लिए यह एग्जाम आयोजित हुआ है। इसमें 6 क्लास से आठवीं क्लास तक के लिए अभ्यर्थी पात्रता परीक्षा दिए।



परीक्षार्थियों से मिली जानकारी के अनुसार प्रथम पाली मे हुए परीक्षा के प्रश्न सरल एवं दूसरे पाली के प्रश्न कठिन एवं उलझाने वाले रहे। इस परीक्षा मे नकल प्रकरण को रोकने के लिये जिले के सभी पुख्ता इंतजाम किए गए थे जिसमे परीक्षार्थियों को फोटो युक्त प्रवेश पत्र के साथ ही एक पहचान पत्र जिसमें आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर आई कार्ड, पैन कार्ड में से कोई एक पहचान पत्र रखना जरूरी था इसके साथ उन्हें परीक्षा केंद्र पर एक घंटे पहले पहुंचना जरूरी था जिससे सारी जांच पूरी की जा सके और नकल प्रकरण बनने की स्थिति न हो।

### यह था परीक्षा का पैटर्न

सीजी टीईटी में दो प्रश्न पत्र होते हैं। पहली से 5वीं कक्षा तक के लिए पेपर1 का आयोजन किया जाता है वहीं छठवीं से 8वीं कक्षा तक के लिए पेपर 2 का आयोजन किया जाता है। प्रत्येक प्रश्न पत्र में उम्मीदवारों से 150 प्रश्न पूछे गए। प्रत्येक सही उत्तर के लिए अभ्यर्थी को 1 अंक प्रदान किया जाएगा। इस परीक्षा के लिए किसी भी प्रकार के नकारात्मक अंकन का प्रावधान नहीं किया गया है।

### केंद्र में एक घंटा पहले पहुंचे परीक्षार्थी

छत्तीसगढ़ व्यापम की तरफ से अभ्यर्थियों को गाइडलाइन जारी किए गए था।

इसके मुताबिक अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र पर एक घंटे पहले पहुंचना कैंडिडेट्स को को फोटो युक्त प्रवेश पत्र के साथ ही एक पहचान पत्र जिसमें आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर आई कार्ड, पैन कार्ड में से कोई एक पहचान पत्र रखना जरूरी था।

## ग्राम अछोला के ग्रामीण महिलाओं ने की विधायक से शिकायत

# ट्रांसफार्मर दो माह से खराब, नल-जल भी बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम अछोला के देवराहा तलाब के पास लगे ट्रांसफार्मर विगत दो माह से बंद है जिसकी शिकायत को लेकर गांव के लोगों ने विधायक के पास ज्ञापन सौंप कर अपनी समस्या का जल्द से जल्द निराकरण मांग की है।

ग्रामीणों ने बताया है कि ट्रांसफार्मर विगत दो माह से बंद है जिसकी जानकारी कनिष्ठ यंत्री तुमगांव, कनिष्ठ यंत्री बिरकोनी को दिया जा चुका हैं किंतु आजपर्यंत तक कोई पहल नहीं किया गया। यह कि उक्त ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण शासन के महत्वाकांक्षी योजना नल जल बंद है। व ग्रामवासी पानी के लिए तरस रहे हैं। तत्काल ट्रांसफार्मर की आवश्यकता है। यह कि कनिष्ठ यंत्री बिरकोनी व कनिष्ठ यंत्री तुमगांव को फोन करने पर उसे काट दिया जाता है। जब से बिरकोनी को मुख्यालय बनाया गया है तब से और ज्यादा लाइन बंद किया जा रहा हैं।



यह कि ग्राम अछोला, जोबा, गढसिवनी सभी तीनों गांवों का सब स्टेशन अछोली में दिया गया है किंतु अछोला का मुख्यालय बिरकोनी व ग्राम जोबा, गढसिवनी का मुख्यालय तुमगांव दिया गया है। इस प्रकार मुख्यालय बनाने से और ज्यादा परेशानी हो रही है। ग्राम अछोला का मुख्यालय तुमगांव किया जाना चाहिए। ग्राम अछोला में पेयजल व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए बार-बार विद्युत बंद करने व ट्रांसफार्मर को अतिशीघ्र लगाने की मांग विधायक से की गई है।


A to Z महासेल महासमुन्द

आवश्यकता है

सेल में काम करने के लिये 10वीं, 12वीं पास लड़कों की आवश्यकता है।

रहना-खाना फ्री | सीमित पद

संपर्क करें - 9827931702



पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप

### आमा तालाब सौंदर्यीकरण, उपमुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन



**रायपुर।** देवपुरी स्थित आमा तालाब में सीसी रोड निर्माण और सौंदर्यीकरण की मांग को लेकर आमा तालाब विकास एवं संरक्षण समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इसी दौरान प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि आमा तालाब क्रमांक 1 एवं क्रमांक 2 दोनों तालाब जो कि आसपास लगे हुए हैं, तालाब के चारों ओर सीसी रोड एवं पाथवे का निर्माण किया जाना है, जिससे लोगों को मॉर्निंग वॉक एवं इवनिंग वॉक की सुविधा मिल सके। इसकी लंबाई एवं चौड़ाई लगभग 6 मीटर प्लस 600 मीटर है। दोनों तालाब से देवपुरी बस्ती के अलावा टॉवर, हर्ष विला, देवनगर एवं माता कौशल्या विहार का आवासीय क्षेत्र लगा हुआ है। इसके अलावा दोनों तालाबों के चारों तरफ दो से तीन स्थान पर पचरी निर्माण की आवश्यकता है। जिस पर मंत्री ने उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। मुलाकात करने वालों में एनआर नायडू, हिरेंद्र देवांगन, ऋषि बारले, पीके साहू, आईपी खटीक, खेदूराम साहू, आरडी दाहिया, शंकर गिलहरे, गजेंद्र साहू, जियाउल हक, तिहारू साहू, वीरेंद्र यादव, बी. देवनाथ, उमेश साहू, गौकरण साहू, डीके सरकार एवं केके सिंह उपस्थित थे।

### पिछड़ा वर्ग आयोग में सदस्यों की नियुक्ति की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग अधिकारी-कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने पिछड़ा वर्ग आयोग में अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति की मांग मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से की है। इस मौके पर संघ के प्रांताध्यक्ष अनिल सिन्हा ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग, जो कि राज्य के पिछड़े वर्ग के नागरिकों के हितों के लिए गठित है, लंबे समय से अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति न होने से उनके पूर्व में लंबित प्रकरणों की सुनवाई नहीं हो पा रही है, वहीं व्यथित व्यक्ति नया आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। इसलिए राज्य के पिछड़े वर्ग के नागरिकों को शीघ्र न्याय मिल सके, इसे दृष्टिगत रखते हुए यथासंभव शीघ्र ही अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति करने की मांग की है।

### जागृति मंडल में मनाया समक्ष का स्थापना दिवस



**रायपुर।** डॉ. हेडगेवार जनशताब्दी समिति फिजियोथेरेपी सेंटर द्वारा संघ कार्यालय जागृति मंडल में गत दिनों समक्ष का 16वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में करीब 30-32 लोग शामिल हुए। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक पुरंदर मिश्रा ने समक्ष द्वारा दिव्यांगता के क्षेत्र में किए गए कार्यों की प्रशंसा की। इसी दौरान अतिथियों का परिचय दिया गया। कार्यक्रम में अविनाश चटर्जी, सतीश कुमार, डॉ. रोहन दीक्षित, डॉ. संगीता कश्यप, शिवनाथ ठाकुर, नरेंद्र जैन, रामजी राजवाड़े, पुरषोत्तम जैन आदि शामिल हुए।

# अब काजू ने खाया भाव, एक सप्ताह में दो सौ रुपए बढ़े दाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

महंगाई है कि थमने का नाम नहीं ले रही है। एक तरफ दूध की कीमत में इजाफा होने के बाद जहां मिठाई कारोबारी मिठाई की कीमत में इजाफा करने की तैयारी में हैं, वहीं अब काजू की कीमत के भाव खाने के बाद काजू कतली की कीमत को लेकर भी मंथन किया जा रहा है कि इसकी कीमत में कितना इजाफा किया जाए। एक सप्ताह में काजू की कीमत दो सौ रुपए किलो बढ़ गई है। इसकी कीमत बढ़ने का कारण काजू के बीजों की कीमत बढ़ना बताया जा रहा है। इसी के साथ मखाना की कीमत भी दो सौ रुपए किलो बढ़ गई है।

## मिठाई कारोबारी काजू कतली की कीमत बढ़ाने की तैयारी में

### मखाना की कीमत भी बढ़ी

मखाना की कीमत में भी इजाफा हो गया है। यह बिहार से आता है। एक सप्ताह पहले इसकी कीमत 600 से 700 रुपए थी, जो 900 रुपए हो गई है, कारोबारियों के मुताबिक ड्राई फ्रूट्स की कीमत में अब दीपावली तक कमी की कोई संभावना नहीं है। आने वाले समय में दूसरे आइटमों की कीमत में भी इजाफा होगा।



### बीज की कीमत बढ़ने का असर

काजू का बीज जहां ब्राजील से आता है, वहीं कर्नाटक से भी बीज आता है। इसकी कीमत में इजाफा होने के कारण काजू की कीमत एक सप्ताह में करीब दो सौ रुपए किलो तक बढ़ गई है।

- **अजय कृष्णानी**, थोक कारोबारी

ड्राई फ्रूट्स की कीमत काफी समय से नहीं बढ़ रही थी, लेकिन अब इसकी कीमत में भी तेजी आने का क्रम प्रारंभ हो गया है। अभी काजू की कीमत में इजाफा हुआ है। काजू कतली के उपयोग में आने वाला टूटा काजू जो बीते सप्ताह थोक में 55 सौ रुपए दस किलो था, वह 75 सौ रुपए हो गया है। इसी के साथ खाने के काम में आने वाला छोटी साइज का काजू थोक में दस किलो जो पहले 58 सौ रुपए था, वह अब 75 सौ रुपए हो गया है। यह चिल्हर में 200-220 रुपए पाव और 850 सौ रुपए किलो बिक रहा है। जयपुर का बड़ी साइज का काजू जो पहले 950-1000 रुपए किलो था, वह अब 12 से 13 सौ रुपए किलो हो गया है। यह चिल्हर में 15 सौ रुपए तक बिक रहा है।

## शिकायत : लाइन लगाने के बाद भी बैरंग लौट रहे कार्डधारी

# आधी-अधूरी तैयारी के साथ बांट रहे नए राशनकार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**खास बातें**

- आधे से अधिक कार्ड बनकर नहीं आये
- नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने कहा मजाक बना दिया



राजधानी में लोकसभा चुनाव के बाद नए राशनकार्ड वितरण का कार्य जोन और वार्डों के माध्यम से शुरू हो गया है, पर आधी-अधूरी तैयारी के साथ नए राशनकार्ड वितरण करने से आम उपभोक्ता परेशान है। लाइन लगाने के बाद नंबर आने पर राशनकार्ड बनकर नहीं आने की शिकायत मिलने लगी है। नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे के वार्ड में इस तरह की कई शिकायतें आई हैं। उन्होंने जब संबंधित विभागीय अधिकारी से जानकारी ली तो पता चला कि शहर में आधे से अधिक राशनकार्ड खाद्य विभाग से बनकर नहीं आये।

विदित हो कि शहर में राशनकार्ड वितरण व्यवस्था लचर होने से लोग परेशान हैं। महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड के राशनकार्ड पूरे बनकर नहीं आये। आउटर के वार्डों में अभी तक खाद्य विभाग से पीडीएफ नहीं मिलने से राशनकार्ड का वितरण शुरू नहीं हो पाया है।

नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने इस पर नाराजगी जताते हुए कहा है राशनकार्ड वितरण को जनता के लिए मजाक बनाते हुए आधी अधूरी तैयारियों के साथ राशनकार्ड का वितरण वार्डों में प्रारंभ कर दिया गया है। यह पूरी तरह गलत है। वास्तविकता यह है कि आधे से अधिक राशनकार्ड तो खाद्य विभाग से बनकर ही नहीं आये।

### कार्ड बांटने गिनती के कर्मचारी

राशनकार्ड वितरण स्थल पर अव्यवस्था का आलम देखने को मिल रहा है। शहर के अंदरूनी और आउटर के वार्डों में हजारों कार्ड बांटने के लिए सिर्फ एक या दो कर्मचारी ही उपलब्ध हैं। इसके अलावा परिसीमन के बाद जो नये वार्ड बने हैं, वह भी अपडेट नहीं किया गया है।

अधिकारियों का कहना है खाद्य विभाग द्वारा नवीन राशनकार्ड का पीडीएफ पेन ड्राइव में दे दिया जा रहा है, इसके बाद नगर निगम के जोन में उसे प्रिंट कराना, कवर लगाना, स्टेपलर करना, सील लगाना तथा उसे अल्फाबेट अनुसार जमा कर वितरण किया जाना काफी पेचीदा काम हो गया है।

नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने दो टूक शब्दों में कहा है कि जब तक खाद्य विभाग और नगर निगम नए राशनकार्ड की प्रक्रिया को पूर्ण नही कर लेते, तब तक जनता को पुराने राशनकार्ड से ही राशन वितरण करना पडे़गा। ऐसा नहीं होने पर जनता के साथ जनप्रतिनिधि आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। नगर निगम आयुक्त से उन्होंने आग्रह किया कि नये राशनकार्ड बनाने और वितरण करने में आ रही व्यवहारिक दिक्कतों को तत्काल दूर किया जाये।

# जीएसटी काउंसिल ने चैंबर की मांग पर लिए अहम निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर।

जीएसटी काउंसिल की बैठक में शनिवार को कई अहम निर्णय लिये गये। इसमें 2017-18, 2018-19, 2019-20 के लिए डिमांड नोटिस 31 मार्च 2025 तक टैक्स चुकाने पर ब्याज और जुर्माना माफ कर दिया है। इसी तरह फाइलिंग में संशोधन करना अब आसान कर दिया है। यही नहीं, ब्याज के गणना प्रावधान में परिवर्तन हुआ है। इसे लेकर चैंबर के प्रतिनिधिमंडल ने केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण और वित्त वाणिज्य कर मंत्री ओपी चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

- फाइलिंग में संशोधन आसान, ब्याज की गणना प्रावधान में परिवर्तन

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव ने बताया, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और वित्त वाणिज्य कर मंत्री ओपी चौधरी को पत्र के माध्यम से सुझाव प्रेषित किया गया था। इस पर ध्यान देते हुए व्यापारी हित में निर्णय लिये गये।

इसमें धारा 73 के तहत मामलों के लिए ब्याज और जुर्माना माफ करने की सिफारिश की गई है। वित्त मंत्री ने 2017-18, 2018-19, 2019-20 के लिए डिमांड नोटिस 31 मार्च 2025 तक टैक्स चुकाने पर ब्याज और जुर्माना माफ कर दिया है। फाइलिंग करना अब आसान हो गया है। करदाताओं को जीएसटी-1 में घोषित या घोषित राशि में संशोधन करने या जोड़ने की अनुमति देने के लिए परिषद ने जीएसटी-1 फॉर्म के माध्यम से एक नई प्रक्रिया लाई है। जीएसटी कर प्रणाली में ब्याज गणना के प्रावधान में परिवर्तन कर देय तिथि तक इलेक्ट्रॉनिक कैश लेजर में उपलब्ध राशि पर ब्याज नहीं लिया जाएगा। पूर्व में यह केवल क्रेडिट लेजर के लिए उपलब्ध था। इससे करदाताओं को राहत मिलेगी।



### मंडी शुल्क में छूट को लेकर कृषि मंत्री से की मुलाकात

चैंबर प्रतिनिधिमंडल ने कृषि मंत्री रामविचार नेताम से मुलाकात कर ट्रेडर्स व्यापारियों, किराना, दलहन और अनाज पर मण्डी शुल्क सहित कृषक कल्याण शुल्क में छूट प्रदान करने की मांग की। इसी तरह धान आधारित पोहा उद्योगों को राहत देने का आग्रह करते हुए अनुरोध पत्र सौंपा है। कृषि मंत्री ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए उचित कदम उठाने की बात कही।

इस अवसर पर चैंबर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी,कार्यकारी विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, उपाध्यक्ष टी. श्रीनिवास रेड्डी, मंत्री-नीलेश मूंदड़ा, जवाहर थौरानी, जयंत मोहता, छत्तीसगढ़ पोहा मुरमुरा उत्पादक महासंघ भाटापारा से अनिल रोचलानी, प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# पंडरी बस स्टैंड की रिक्त जमीन पर जेम्स एंड ज्वेलरी पार्क बनाने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के डिप्टी सीएम अरुण साव से शनिवार को प्रदेश के सराफा कारोबारियों ने मुलाकात कर पंडरी बसस्टैंड की खाली जमीन पर जेम्स एंड ज्वेलरी पार्क बनाने की मांग की। रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने कहा, चूंकि यह शहर के बीच व सुरक्षित क्षेत्र में है, इसलिए इस भूमि पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर के जेम्स एवं ज्वेलरी पार्क का निर्माण होता है, तो इससे शासन के राजस्व में वृद्धि एवं सराफा व्यवसाय के विस्तार की संभावना बढ़ेगी।

- सराफा कारोबारी मिले डिप्टी सीएम अरुण साव से

श्री मालू ने बताया, वर्तमान में यह भूमि लगभग 8.50 एकड़ है इसके लिए पूर्व में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जेम्स एवं ज्वेलरी पार्क के लिए योजना बनाई गई थी और इसके लिए छत्तीसगढ़ औद्योगिक केंद्र विकास निगम द्वारा सारी औपचारिकताएं पूर्ण कर योजना को कार्यशील करने धरातल पर लाया गया था, किंतु अपरिहार्य कारणों से नहीं हो पाया।

अब इसी स्थान पर जेम्स एवं ज्वेलरी पार्क का निर्माण करने की मांग रखी गई है। श्री साव से मिले प्रतिनिधिमंडल में कमल सोनी, प्रकाश गोलछा, हर्षवर्धन जैन, पवन सोनी, गौतम लोढ़ा, संजय कानूगा, प्रकाश सोनी, विजय सोनी व अन्य सराफा कारोबारी शामिल थे।

# शहरभर में कई संस्थाओं ने मनाया योग दिवस

### योग प्रशिक्षुओं ने आस्था का किया सम्मान



**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल की योग समिति की प्रभारी द्वारा कई महीनों से प्रतिदिन योग की ऑनलाइन क्लासेस चलाई जा रही है। चौबे कॉलोनी स्थित मंडल के संत ज्ञानेश्वर सभागृह में शुक्रवार को योग दिवस के सफलतम आयोजन के बाद योग प्रशिक्षुओं ने आस्था काले को विभिन्न उपहार और पौधे सौंपकर अभिनंदन किया। योग समिति प्रभारी आस्था काले प्रतिदिन सुबह 6.15 से 7.15 बजे तक निशुल्क ऑनलाइन योग क्लासेस चला रही हैं। आस्था का अभिनंदन करने के लिए योग प्रशिक्षु शिल्पा चांदोकर, प्रणिता नलगुंडवार, अर्चना जतकर, लीना केलकर, डॉ. अलखनंदा नारद, दीपांजलि भालेराव और संध्या खंगन उनके बूढ़ापारा स्थित निवास पर जुटीं।

### योग से होने वाले फायदे की दी जानकारी

**रायपुर।** विश्व योग दिवस के अवसर पर केयर स्किल फाउंडेशन द्वारा ग्राम पंचायत धनेली स्थित शासकीय नवीन प्राथमिक शाला में योग कार्यक्रम हुआ। योग कार्यक्रम में लोगों को योग के महत्व और दैनिक जीवन में उससे होने वाले फायदे के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर स्कूल के प्रधान पाठक श्री वर्मा सर व ग्रामवासियों के साथ केयर स्किल फाउंडेशन के अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू, विजय कुमार निषाद सहित शशिकांत साहू, सनील जांगड़े, चेतना साहू, शिखा साहू व रेणुका वर्मा, विनोद साहू, चमन पटेल, दिलीप साहू, हेम साहू, प्रियांश कुमार निषाद, अवेंद्र, प्रकाश चंद कुर्रे, एम. लीलेश आदि उपस्थित रहे।



### योगाभ्यास से होती है शारीरिक क्षमता में वृद्धि

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बेटी बचाओ मंच भाठागांव ने ढेबर सिटी गार्डन में महिलाओं द्वारा चलाए जा रहे योग प्रशिक्षण में भाग लिया। इस अवसर पर मंच के प्रदेशाध्यक्ष ललित मिश्रा ने कहा कि नियमित योगाभ्यास हमारी शारीरिक तथा मानसिक क्षमताओं में वृद्धि करता है, जिससे व्यक्तित्ववान समाज स्थापना को बल मिलता है। ऐसे स्वस्थ समाज से उन्नत राष्ट्र का निर्माण होता है। इस प्रकार योग के माध्यम से हम देश के विकास की मुख्यधारा में जुड़ते हैं। योग प्रशिक्षिका अंजलि साहू, संदीप साहू, मंच पदाधिकारी नूरजहां, नमिता राठौर, आशा रिछारिया, रूपाली अग्रवाल, कामिनी पाल, राजकुमारी दीवान, आनंदिता, सरिता, अदिति साहू, गायत्री साहू, गुलाब साहू, मोहन दास सहित नागरिक शामिल हुए।



# देर रात तक हुई बूंदाबांदी, पाटन सहित कई इलाकों में भारी बारिश



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सरगुजा को छोड़कर राज्य में सक्रिय हो चुके मानसून के प्रभाव से बारिश का दौर प्रारंभ हो चुका है। शुक्रवार रात राजधानी में काफी देर बूंदाबांदी का दौर चलता रहा। पाटन सहित कई इलाकों में भारी बारिश भी हुई। अगले तीन दिन में छिटपुट वर्षा सीमित दायरे में होगी।

- 26 के बाद असर दिखाएगा बंगाल की खाड़ी का तगड़ा सिस्टम

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि बंगाल की खाड़ी में बनने वाले सिस्टम का प्रभाव 26 जून के बाद नजर आएगा। उस दौरान राज्य में व्यापक रूप से बारिश होने की संभावना बन रही है। अभी मानसून के प्रभाव से केवल सरगुजा दूर है और शेष इलाकों में वर्षा का दौर जारी है। राजधानी रायपुर में शुक्रवार शाम सात बजे से बूंदाबांदी शुरू हुई जो देर रात तक चलती रही। दूसरी ओर कई इलाकों में छाए बादल जमकर बरसे। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार पाटन में सर्वाधिक दस सेमी., गुंडरदेही में 9, भाटापारा में 7 उसूर और बालोद में 6 तथा डेढ़ सौ से अधिक स्थानों पर अच्छी से मध्यम वर्षा का दौर चलता रहा। मौसम विशेषज्ञों ने बताया कि अभी दक्षिण पश्चिम मानसून की उत्तरी सीमा नवसारी, जलगांव, मण्डला, पेण्ड्रारोड, झारसुगड़ा, बालासोर, हल्दिया, पकुर, साहिबगंज, और रक्सौल है। एक पूर्व-पश्चिम द्रोणिका उत्तर-पश्चिम उत्तर प्रदेश से उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण अंदरूनी ओडिशा और उससे लगे छत्तीसगढ़ के ऊपर मौजूद है।

# यात्रियों को समोसा और थेपला पसंद नहीं, बासी खाने और चीटियों से भी परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

वंदे भारत एक्सप्रेस में यात्री को परोसे गए शाकाहारी भोजन में कॉकरोच निकलने के बाद ट्रेनों में खाने की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठने लगे हैं। इस मामले में आईआरसीटीसी ने फर्म पर जुर्माना लगाते हुए यात्री से माफी तो मांग ली, लेकिन अब रेलवे द्वारा परोसे जा रहे खाने पर से यात्रियों का विश्वास उठ गया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में अभी तक खाने को लेकर शिकायत में बीते कुछ सालों में इजाफा हुआ है। औचक जांच में भी अधिकारियों ने पेंट्रीकार में अनियमितता पाई है। हरिभूमि ने जब शिकायतों की पड़ताल की, तो पता चला कि स्टेशन में यात्रियों को समोसा और पैकेट में थेपला तथा सैंडविच पसंद नहीं। यात्रियों की शिकायत रही है कि पैकेट खाने से स्मेल आती है। इसके अलावा ट्रेनों में भी यात्रियों ने गर्म ताजा खाना नहीं मिलने और खाने में चीटी होने की भी शिकायत रेल मदद से मिली है। ट्रेनों में बासी खाने के साथ गुणवत्ता विहीन खाद्य सामग्री की सप्लाई की शिकायत बढ़ने के बाद अब लोगों ने बाहर से खाना मंगाना शुरू कर दिया है। ई-केटरिंग और पेंट्रीकार से खाना की मांग अब कम होती जा रही है।

- स्टेशन से लेकर ट्रेनों में खाने को लेकर थोक में शिकायत, यात्रियों ने कहा- गुणवत्ता विहीन खाद्य सामग्री की सप्लाई न करें

### ट्रेन में खराब बिस्किट और मिक्चर भी पसंद नहीं

चलती ट्रेन में रेलवे के अधिकृत वेंडर द्वारा यात्रियों को बेची जा रही खाद्य सामग्री की शिकायत सामने आई है। बीते दो से तीन सालों में रेल मदद ऐप के जरिए बिस्किट और मिक्चर को नापसंद बताया है। शिकायत में यात्रियों ने गुणवत्ता विहीन चिप्स देने के साथ बदबू आने की भी बात कही है। छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, अमरकंटक और हावड़ा-अहमदाबाद के साथ लंबी दूरी की ट्रेनों में इस तरह की शिकायत ऑनलाइन दर्ज करवाई है।



**ठंडा समोसा और सड़े आलू बिगाड़ रहे सेहत :** प्लेटफार्म पर ठंडे समोसे, कचौड़ी और अवैध रूप से यात्रियों को परोस रहे अंडा बिरयानी यात्रियों का स्वाद और सेहत दोनों बिगाड़ रहे हैं। स्टेशन में अंडा बिरयानी प्रतिबंधित होने से इसे चोरी छिपे बेचा जाता है, जिसे यात्रियों ने नापसंद किया है। रायपुर स्टेशन में यात्रियों की ओर से शिकायत रही है कि समोसा बनाने के लिए खराब हो चुके आलू का उपयोग हुआ है। प्लेटफार्म पर ठंडा समोसा ही परोसा जाता है, जो एक दिन खत्म नहीं होने पर दूसरे दिन गर्म करके भी परोसते हैं। इस वजह इसका स्वाद भी बदल जाता है। स्टेशन में समोसा, कचौड़ी जांच में अमानक पाए गए हैं। इसके अलावा प्लेटफार्म पर पैकेट में थेपला मिलता है, जो तीन से चार दिन के बाद एक्सपायर हो जाता है। इसे बेचने को लेकर शिकायत मिली है। दो सालों से स्टेशन प्रबंधक को दर्जनों शिकायत ऑनलाइन मिली हैं।

**गर्म खाना नहीं मिलने की सर्वाधिक शिकायत :** चार साल पहले हावड़ा-अहमदाबाद ट्रेन में परोसे गए खाना में रेलवे प्रशासन की बड़ी लापरवाही सामने आई थी। कर्मचारियों ने एक यात्री को कॉकरोच वाला खाना परोस दिया था, जिसकी शिकायत डोगरे दंपत्ति ने की थी। वहीं, ट्रेन में कीड़ा वाला खराब खाना मिलने से यात्रियों में हड़कंप मच गया था। वर्तमान में यात्रियों को ट्रेन में ताजा और गर्म खाना नहीं मिलने को लेकर शिकायत सर्वाधिक है।

# मवेशी कारोबारियों की पीट पीटकर हत्या के मामले में पुलिस ने की पहली गिरफ्तारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आरंग थाना क्षेत्र में छह-सात जून की दरमियानी रात तीन मवेशी कारोबारियों की भीड़ द्वारा पीट पीटकर हत्या करने के मामले में गठित एसआईटी टीम ने शनिवार को पहली गिरफ्तारी की है। हत्या के आरोपी को पुलिस ने दुर्ग स्थित बोरसी गांव से गिरफ्तार किया है। हत्या का आरोपी पुलिस से बचने अपनी महिला मित्र के घर छिपा हुआ था। पुलिस ने आरोपी को तकनीकी साक्ष्य के आधार पर गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक उत्तरप्रदेश, सहारनपुर निवासी ट्रक ड्राइवर चांद मियां, गुड्डू खान तथा सद्दाम की हत्या के आरोप में बैजनथापारा निवासी हर्ष मिश्रा को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार हर्ष पर हत्या की घटना में शामिल होने का पहले से शक था। हर्ष पर पुलिस नजर रखे जाने का दावा कर रही है। सद्दाम की मौत के बाद हर्ष बुरी तरह से डर गया और उसे अपने पकड़े जाने का भय सताने लगा। पुलिस से बचने हर्ष दुर्ग स्थित अपनी महिला मित्र के यहां चला गया और वहां अपने आपको एक कमरे में बंद कर बाहर से ताला लगवा दिया।



### जांच करने पुलिस टीम पहुंची ओडिशा बार्डर

मामले की पड़ताल करने पुलिस की टेक्निकल टीम घटना के बाद से तकनीकी साक्ष्य जुटाने की कोशिश में जुटी हुई है। घटना के बाद से पुलिस की एक टीम मामले की पड़ताल करने महासमुंद के रास्ते ओडिशा बार्डर पहुंची हुई है। पुलिस इस बात की जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही है कि ट्रक किस रास्ते से और कहां-कहां गया है। पुलिस को मवेशी कारोबिरियों की पहले से पीछा किए जाने की आशंका है, इसी के चलते पुलिस की तकनीकी टीम सीसीटीवी फूटेज की पड़ताल करते हुए ओडिशा बार्डर तक पहुंची।

## खबर संक्षेप

### दो किलो गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर**। गोलबाजार पुलिस ने गांजे के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई मुखबिर की सूचना पर की। 21 जून को पुलिस को सूचना मिली थी कि यूनियन क्लब के पीछे लोहार गली में एक व्यक्ति के पास पिट्ठू बैग है, उसमें गांजा भरा हुआ है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी की पहचान कर उसके कब्जे से दो किलो सौ ग्राम गांजा बरामद किया, जिसकी कीमत 30 हजार रुपए आंकी गई है। इस मामले में आरोपी यश पटेल 19 वर्ष निवासी मनसाय तालाब के पास प्रोफेसर कॉलोनी के विरुद्ध धारा 20बी नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### शराब खरीदते मोबाइल पार, चोर गिरफ्तार

**रायपुर**। मोबाइल चोरी करने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम त्रिनाथ सोना पंडरी जगन्नाथ नगर सिविल लाइन का रहवासी है। प्रार्थी मुन्नालाल पटेल निवासी उस्लापुर आनंद नगर बिल्हा बिलासपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि मल्टीलेवल पार्किंग के पीछे शराब दुकान पर शराब खरीदने के दौरान अज्ञात चोर ने उसका ओप्पो कंपनी का मोबाइल पार कर दिया था। पुलिस ने मुखबिर की सहायता से आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी का मोबाइल बरामद किया है। बताया गया है कि आरोपी आदतन अपराधी प्रवृत्ति का है। इससे पहले भी उसके विरुद्ध पंडरी थाने में मारपीट सहित कुल 6 प्रकरण दर्ज हैं।

### ट्रक चालक से लूट 3 आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर**। टाटीबंध इलाके में ट्रक चालक से लूटपाट करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना 19 जून की रात करीब 7 बजे की है। प्रार्थी चंद्रमा सिंह ट्रक चालक है। घटना वाले दिन टाटीबंध से आरएसडी रेक प्वाइंट रास्ते में एक पेड़ के गिरने से रास्ता जाम हो गया था। इसी दौरान प्रार्थी का ट्रक भी वहीं खड़ा था। तब बाइक सवार तीन लड़के वहां पहुंचे और ट्रक में घुसकर प्रार्थी का मोबाइल और 11 हजार रुपए लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने इस मामले की जांच के दौरान सीसीटीवी फूटेज के आधार पर आरोपी विक्रम साहू निवासी भनपुरी, मनीष साहू निवासी ग्राम बिनौरी थाना पलारी एवं एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से लूट की रकम और मोबाइल के अलावा वारदात में उपयोग की गई बाइक को भी बरामद किया है।

### वित्त मंत्री, पद्मश्री और सांसद का रजक ताज से किया अभिनंदन

**रायपुर**। धोबी समाज द्वारा ईडन गार्डन रायगढ़ में महाधिवेशन और रजक महोत्सव मनाया गया। इस अधिवेशन में वित्त मंत्री ओपी चौधरी, पद्मश्री रामलाल बरेठ सहित सभी अतिथियों का परंपरागत रजक ताज धोबी पगड़ी से नवाज कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने समाजजनों को संबोधित करते हुए कहा कि धोबी समाज अब उपेक्षित नहीं रहेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय इस आयोजन में आने वाले थे, परंतु कुछ प्रशासनिक जरूरी काम आ जाने के कारण वे नहीं आ सके, उनके प्रतिनिधि के रूप में हम स्वयं पहुंचे हैं। समाज का कोई काम नहीं रुकेगा। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर की मांग पर मोदीनगर में भव्य सामुदायिक भवन बनाने की घोषणा की और प्रथम चरण में 20 लाख रुपए स्वीकृत करने की बात कही।

### डॉ. मुखर्जी की पुण्यतिथि पर किया नमन

**रायपुर**। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। श्री साय ने कहा कि देश की एकता को और अधिक मजबूत करने की दिशा में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 'अद्वितीय प्रयासों' के लिए प्रत्येक भारतीय उनका ऋणी है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारत की प्रगति के लिए कड़ी मेहनत की और एक मजबूत तथा समृद्ध राष्ट्र का सपना देखा। हम उनके सपनों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने भारतीय राजनीति और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके द्वारा स्थापित भारतीय जनसंघ ने राष्ट्रवाद और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को मजबूत किया।

---

**आयोजन : पुण्यतिथि पर भाजपा ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी श्रद्धांजलि**

# धारा 370 के खिलाफ सबसे पहले डॉ मुखर्जी ने आवाज उठाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर स्थानीय टाउन हाल और भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने भी उन्हें उनके बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि हमारी डबल इंजन सरकार श्यामा प्रसाद मुखर्जी के दिखाए मार्ग पर चलते हुए सभी नागरिकों के समान अधिकार हेतु कृत संकल्पित है

जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर ने कहा श्यामा प्रसाद मुखर्जी महान देशभक्त थे। उन्होंने कश्मीर को लेकर अपने जीवन का बलिदान दिया है। विधानसभा सह संयोजक संदीप दीवान, माधव टांकसले, प्रलय थिटे ने कहा कि डॉ. मुखर्जी द्वारा देश की एकता और अखंडता के लिए लगातार काम किया गया। उन्होंने कहा कि उनका जीवन कार्यकर्ताओं के लिए अनुकरणीय है।

उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने सबसे पहले धारा 370 के खिलाफ आवाज उठाई थी। उन्होंने नेहरू की तुष्टिकरण की नीति का विरोध किया था। साथ ही कश्मीर में दो निशान, दो विधान, दो प्रधान को लेकर आंदोलन किया था। जिसके परिणाम स्वरूप कश्मीर से परमिट राज खत्म हुआ। मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंह पाली ने बताया कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का एक मिशन था कि भारत में एक निशान, एक विधान और एक प्रधान हो। इसे वर्तमान में मोदी सरकार द्वारा साकार किया गया। मोदी सरकार द्वारा जम्मू कश्मीर से धारा 370 और 35 ए हटाकर पूरे देश में मिसाल कायम की है। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री प्रकाश शर्मा ने व आभार प्रदर्शन लाल विजय सिंह मंडल उपाध्यक्ष ने किया। कार्यक्रम में रमेश साहू, सुधा साहू, विष्णु चंद्राकर, मीना वर्मा, देवीचंद राठी, मुन्ना साहू, मनीष शर्मा, मुन्ना देवार, शुभ्रा शर्मा, मधु यादव, सुरेखा कंवर, दिनेश रूपरेला, हाफिज कुरैशी, माधवी सिक्का, राकेश श्रीवास्तव, दिग्विजय साहू, हनीश बग्गा, गोविंद ठाकुर, देवेंद्र चंद्राकर, अमन वर्मा जतिन रूपरेला पांडुरंग मदनकर उपस्थित थे।





---

## नगर के पदमपुर रोड पर जाम की स्थिति, यातायात हो रहा बाधित



हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

शहर के प्रमुख स्थल शहीद वीर नारायण सिंह चौक पर प्रतिदिन जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। बता दें कि हर दिन हर पल दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। शासन प्रशासन को ध्यान आकृष्ट कराने के बावजूद गंभीरता नहीं दिखा रही है, लगता है इन्हें कोई अप्रिय घटना याने दुर्घटना होने का इंतजार है। बसना शहर का हृदय स्थल जहां पर प्रतिदिन हजारों लोगों का आना जाना निरंतर बने रहता है। शहीद वीर नारायण सिंह चौक से ओडिशा की ओरर जाने वाली मार्ग पदमपुर, पाईकमाल, नरसिंहनाथ तीर्थ स्थान को जोड़ता है। बसना से महज 12 किलोमीटर दूरी के बाद ओडिशा लग जाता है। बसना क्षेत्र का अधिकांश भाग ओडिशा सीमा से लगे होने के कारण बसना नगर प्रमुख व्यापारिक केन्द्र है। यहां पर व्यापारियों, गांव की आम जनता का आवागमन होते रहता है।दो पहिया,चार पहिया वाहन के अलावा भारी वाहनों का पदमपुर रोड से भारी संख्या में प्रतिदिन इसी रास्ते से गुजरती है। हजारों की संख्या में लोगों के आने जाने एवं वाहनों के बेतरतीब खड़े करने से रोड जाम हो जाता है। यातायात को व्यवस्थित करने के लिए चौड़ीकरण किया जाना आवश्यक है। रोड के किनारे पर लगे हुए दुकानों , गुमटी को व्यवस्थित किया जाना आवश्यक है ताकि यातायात सुचारू रूप से संपादित हो सके।

### ट्रैफिक पुलिस की अत्यंत आवश्यकता

उल्लेखनीय है कि निवर्तमान पुलिस अधीक्षक महासमुन्द नेहा चंपावत ने पत्रकारों के निवेदन को स्वीकार करते हुए ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था की गई थी। नेहा चंपावत के तबादले के पश्चात ट्रैफिक पुलिस को जिला मुख्यालय बुला लिया गया। यातायात व्यवस्था चुस्त दुरुस्त करने के लिए दो ट्रैफिक पुलिस की आवश्यकता है साथ ही सड़क का चौड़ीकरण हो। बेतरतीब खड़े वाहनों पर चालानी कार्रवाई हो जो यातायात को बाधित करता हो तभी इस समस्या से निजात मिल पायेगा। शहीद वीर नारायण सिंह चौक के सभी मार्ग अतिक्रमण मुक्त हो ताकि आने जाने वाले राहगीरों को किसी भी प्रकार से परेशानी न हो और दुर्घटना से बचाव किया जा सके।

---

# बरसात शुरू होते ही सड़क पर जमने लगे घुमंतू मवेशी, पशु पालकों के खिलाफ मुहिम भी कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- आउटर इलाके ही नहीं शहर की सड़कों पर भी घुमंतू मवेशी दे रहे हादसों को न्योता

बरसात की दस्तक के साथ ही आउटर इलाके ही नहीं, बल्कि शहर में भी सड़क पर घुमंतू मवेशी जमने लगे हैं। दिन में किसी तरह लोग बचकर निकल रहे, लेकिन रात में हादसे को न्योता देने वाले मवेशियों की धर-पकड़ भी कम हो गई है। अभी पुरानीबस्ती, रायपुरा, सड्डू, दलदल सिवनी, आमासिवनी, मोवा, गुढ़ियारी और राजातालाब इलाके में 4 सौ से ज्यादा मवेशी पालक वार्डों में हैं। डेयरी चलाने वालों के खिलाफ निगम की अधूरी मुहिम के कारण रिकार्ड भी नहीं है।

राजधानी में इस बरसात में भी मवेशी आने-जाने वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बनने लगे हैं। कचना मार्ग के आस-पास कई पॉश कॉलोनियां हैं। इनके आने-जाने के लिए बनवाई गई सड़क पर घुमंतू मवेशी अब लोगों का रास्ता रोकने लगे हैं। ऐसे ही हालात अब खमतराई व भनपुरी चौक के बीच भी देखने को मिलने लगा है। रात में स्ट्रीट लाइट बंद होने से दोपहिया चालक अचानक मवेशी सामने आने से उन्हें बचाने के प्रयास में चोटिल भी हो रहे हैं।

गुरुवार की रात खमतराई ओवरब्रिज के पास एक्टिवा चालक दुर्घटना का शिकार हुआ। आने-जाने वाले लोगों ने दोपहिया चालक को उठाया, चोट गहरी नहीं थी मगर दोपहिया टूट-फूट का हिस्सा बना। इसी तरह भनपुरी रिंग रोड से टाटीबंध के बीच हाईवे पर जरवाय, अटारी, कोटा क्षेत्र के घुमंतू मवेशी सड़क पर आने लगे हैं।

### सर्वे के बाद कार्रवाई ठप

निगम सूत्रों ने बताया कि 5 साल पहले जिम्मेदारों ने सभी जोन आयुक्तों से पशु पालकों व डेयरी संचालकों की जानकारी मंगाई थी। इसमें 400 से ज्यादा पशु पालकों की जानकारी सामने आई। तब जोन आयुक्तों ने उन्हें गाइडलाइन के तहत डेयरी को वार्डों से बाहर करने के लिए अल्टीमेटम दिया। सभी पशु पालकों ने समय मांगने के बाद व्यवस्था नहीं बदली। तब जोन स्तर पर घुमंतू मवेशियों के लिए रोका-छेका शुरू किया गया। जुर्माना करने का प्रावधान भी किया गया था। अभी कार्रवाई की रफ्तार कम होने से अव्यवस्था की स्थिति बन रही है।





### कार्रवाई के लिए सभी जोन को निर्देश

बरसात में मवेशी सड़क पर ज्यादा आते हैं। इसे देखते हुए सभी जोन आयुक्तों को कार्रवाई के लिए निर्देश है। जिस क्षेत्र की समस्या बता रहे हैं, उसे संज्ञान में लिया जाएगा। घुमंतू मवेशियों को कांजी हाउस में रखने का प्रावधान है। *- विनोद कुमार पांडेय, अपर आयुक्त, नगर निगम, रायपुर*

### इस क्षेत्र में सबसे ज्यादा

अभी विधानसभा मार्ग, भनपुरी से टाटीबंध, कुशालपुर मार्ग, रायपुरा में महादेवघाट क्षेत्र की सड़कों पर मवेशियों का झुंड देखने को मिल रहा है। इस तरह की स्थिति मोवा ओवरब्रिज से मोवा बस्ती, दलदल सिवनी होते हुए सड्डू आने-जाने वाले लोगों को भी रोज दिक्कतों का सामना है। इतना ही नहीं भाठागांव बस स्टैंड से रिंग रोड के बीच भी इसी तरह की अव्यवस्था देखने को मिल रही है। जोन की टीम ने कार्रवाई कम कर दिया है। इसकी रोकथाम के लिए अभियान भी कम हो गया है। इससे भनपुरी रिंग रोड से टाटीबंध, गोगांव में मवेशी जमने लगे हैं।

---

# राशनकार्डों का नवीनीकरण करने ई-केवायसी 30 तक कराएं

70 लाख राशन कार्डों का नवीनीकरण पूरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशानुसार प्रदेश में प्रचलित राशनकार्ड के नवीनीकरण एवं राशनकार्डधारियों का ई-केवायसी किया जा रहा है। प्रदेश के समस्त श्रेणी के राशनकार्ड अन्त्योदय, प्राथमिकता, एकल निराश्रित, निशक्तजन और एपीएल योजना के राशनकार्डधारियों का ई-केवायसी एवं राशनकार्डों का नवीनीकरण 30 जून तक अनिवार्य रूप से कराने कहा गया है।

खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राशनकार्ड नवीनीकरण करने के लिये ई-केवायसी कराना अनिवार्य है। वर्तमान में प्रदेश में लगभग 77 लाख राशनकार्ड हितग्राही हैं। अब तक 70 लाख राशन कार्डधारकों का नवीनीकरण किया जा चुका है। नवीनीकरण के कार्य में पहले पायदान पर बीजापुर जिला है। कुल हितग्राही 71,368 हितग्राहियों में से 71,145 हितग्राहियों ने, द्वितीय स्थान पर नारायणपुर जिला 36,167 हितग्राहियों में से 35,831 हितग्राहियों ने, इसी प्रकार तृतीय स्थान पर सुकमा जिला 78752 हितग्राहियों में से लगभग 78 हजार हितग्राहियों ने अपना राशन कार्ड नवीनीकरण का कार्य करवा लिया है। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए खाद्य विभाग द्वारा खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का नया मोबाइल एप्प तैयार किया गया है, इसे प्ले स्टोर में जाकर डाउनलोड किया जा सकता है। हितग्राही द्वारा खाद्य विभाग की वेबसाइट से

### राशन दुकानों में निःशुल्क सुविधा

ई-केवायसी के लिए प्रत्येक हितग्राही का बायोमेट्रिक अद्यतन होना चाहिए। जिन सदस्यों का बाल आधार बना है, उन्हें पहले आधार सेवा केंद्र से अपना बायोमेट्रिक अपडेट कराना होगा इसके बाद उचित मूल्य दुकान की ई-पॉस मशीन से ई-केवायसी करा सकते हैं। राशनकार्ड में ई-केवायसी और नवीनीकरण की सुविधा निःशुल्क है।

---

# माइनिंग घोटाला के आरोप में गिरफ्तार किए गए पांच में से तीन जेल दाखिल, दो की मिली रिमांड

**रायपुर**। माइनिंग घोटाले के आरोप में पूर्व में ईओडब्लू द्वारा गिरफ्तार किए गए पांच आरोपियों की रिमांड अवधि खत्म होने के बाद उन्हें शनिवार को ईओडब्लू की स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया।

पेश किए गए आरोपियों में से तीन को कोर्ट के आदेश पर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया है। जांच एजेंसी के आवेदन पर शेष दो को 28 जून तक पूछताछ करने रिमांड दिया गया है। लोक अभियोजक मिथिलेश वर्मा के मुताबिक कोर्ट ने मोइनुद्दीन तथा रोशन को ईओडब्लू की रिमांड पर देने का फैसला सुनाया है। ईओडब्लू के वकील ने कोर्ट को बताया कि पारेख कुमार कुर्रे, वीरेंद्र कुमार जायसवाल तथा राहुल कुमार से पूछताछ पूरी हो चुकी है।

*महादेव एप याचिका पर छह जुलाई को सुनवाई* : एक अन्य मामले में महादेव सट्टा एप के आरोप में जेल में बंद चंद्रभूषण वर्मा द्वारा कोर्ट में आवेदन पेश किया गया था। कोर्ट में पेश आवेदन में बचाव पक्ष के वकील ने अपने पक्षकार को झूठे केश में फंसाए जाने का आरोप लगाते हुए प्रकरण निरस्त करने की मांग की है, जिसकी सुनवाई शनिवार को होनी थी, लेकिन कोर्ट में बचाव पक्ष के वकील के उपस्थित नहीं होने पर मामले की सुनवाई अब छह जुलाई को होगी।

### सहकारी बैंक के सेवानिवृत्त सहायक अकाउंटेट और असिस्टेंट क्लर्क गिरफ्तार

**रायपुर**। मौदहापारा थाने की पुलिस ने जिला सहकारी बैंक के सेवानिवृत्त अकाउंटेट तथा असिस्टेंट क्लर्क को 52 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। दोनों बैंक अफसरों पर छह साल पूर्व ग्राहकों के अकाउंट में हेरफेर कर गबन करने का आरोप है। आरोपी अफसरों ने धोखाधड़ी की घटना वर्ष 2017 से 2022 के दौरान की है। पुलिस के मुताबिक जिला सहकारी बैंक में सेंट्रल ऑफिस डिपॉजिट ब्रांच (सीओडी) में प्रबंधक के पद पर पदस्थ शरद चंद्र गांगने की शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी करने के आरोप में सेवानिवृत्त अकाउंटेट अरुण कुमार बैसवाड़े तथा असिस्टेंट क्लर्क संजय कुमार शर्मा को ठगी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

---

# बैकलॉग के सभी पदों पर प्रमोशन का लाभ देने की मांग, कैडर का एकजाई बनाएं डाटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने संयुक्त रूप से पत्रकार वार्ता में रखी मांग

बैकलॉग के सभी पदों पर प्रमोशन का लाभ देने व कैडर का डाटा एकजाई करने की मांग फिर से उठने लगी है। छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के साथ ही तीन अन्य संघों ने शनिवार को इस मामले को लेकर एकमत होने की जानकारी देते हुए आरएल ध्रुव, विनोद कुमार कोसले ने कहा कि सरकार को अब निर्णय लेना होगा। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल आरक्षित वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ के साथ ही छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ ने एकजुट होने का निर्णय लिया है। इसमें अब सोशल जस्टिस लीगल फाउंडेशन ने भी संयुक्त रूप से मांग मनवाने के लिए प्रयास शुरू किया है।

राज्य के चार कर्मचारी-अधिकारी संघों के पदाधिकारियों ने शनिवार को पत्रकारवार्ता में कहा कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा (पदोन्नति) नियम 2023 के नियम 5 में नये नियम प्रतिस्थापित करके सूचना दी जाए। अभी मामले को लेकर कर्मचारियों व अधिकारियों में भ्रम की स्थिति है। मांग करते हुए कहा कि जब तक फैसला नहीं होता, तब तक वर्ष 2019 की भांति सभी तरह के प्रमोशन पर रोक लगाने आदेश जारी किया जाए। कैडर वाइज मात्रात्मक डाटा एकजाई करके ही विधि के तहत छत्तीसगढ़ लोक सेवा प्रमोशन नियम 2023 के नियम 5 को पुनः प्रतिस्थापित करके इसे स्पष्ट किया जाए। साथ ही अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्गों का आरक्षण अधिनियम 1994 को भारतीय संविधान की 9वीं अनुसूची में शामिल करने संकल्प पारित करके राज्य सरकार केंद्र को भेजें। समय रहते मांगों पर विचार नहीं किया जाता है, तो कर्मचारी-अधिकारी आगामी दिनों में रणनीति बनाने के लिए बाध्य होंगे।

---

**मुआवजे की राशि नगर निगम को ट्रांसफर करने की मांग**

# उप मुख्यमंत्री साव से मिले महापौर ढेबर तात्यापारा चौड़ीकरण के लिए मांगे 137 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



महापौर एजाज ढेबर और एमआईसी सदस्यों ने शनिवार को उप मुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से मुलाकात की। इस दौरान राजधानी के तात्यापारा-शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण मुआवजा की राशि नगर निगम को जल्द ट्रांसफर करने की मांग की। साव को सौंपे पत्र में एजाज ढेबर ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तात्यापारा सड़क चौड़ीकरण के लिए 137 करोड़ की स्वीकृति दी थी। यह राशि लोक निर्माण विभाग के पास उपलब्ध है।

करीब डेढ़ दशक से अटके तात्यापारा से शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण के मामले को लेकर महापौर एजाज ढेबर एमआईसी सदस्यों के साथ नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्री अरुण साव से मिले। योजना की प्रशासकीय स्वीकृति के बाद प्रोजेक्ट पर काम शुरू नहीं होने से शहरवासियों को आए दिन इस मार्ग पर सुबह से शाम तक ट्रैफिक जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है। रोड चौड़ीकरण के लिए पूर्व कांग्रेस शासनकाल में राज्य सरकार ने बजट में इसका प्रावधान किया था। साथ ही प्रस्ताव को प्रशासकीय मंजूरी भी दी थी। इसी को आधार मानकर महापौर एजाज ढेबर और उनकी परिषद के सदस्यों ने उप मुख्यमंत्री अरुण साव से मिलकर पत्र सौंपा। पत्र में महापौर ने कहा कि कुछ दिन पहले एमआईसी सदस्यों और पार्षदों के साथ प्रभावित व्यापारियों से चर्चा की थी। इसमें व्यापारियों ने उनसे कहा था कि मुआवजे की राशि दिलाने के बाद आगे की कार्यवाही की जाये।

### वार्डों के विकास कार्य के लिए मांगे 20 करोड़

महापौर ने एमआईसी सदस्यों और पार्षदों के साथ नगरीय प्रशासन मंत्री को पत्र देकर रायपुर नगर निगम के 70 वार्डों के विकास कार्यों के लिए कुल 20 करोड़ का अनुदान तत्काल उपलब्ध कराने का आग्रह किया। विदित हो, महापौर एजाज ढेबर और एमआईसी सदस्यों ने इससे पूर्व मुख्य सचिव अमिताभ जैन से मुलाकात कर उनसे इस प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा की थी। सूत्रों के मुताबिक इस दौरान मुख्य सचिव ने यह बात स्पष्ट कर दी थी कि शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण के लिए 4 करोड़ रुपये की टोकन मनी जमा है। मुख्य सचिव से मुलाकात कर पत्र सौंपने वालों में वरिष्ठ एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन, ज्ञानेश शर्मा, समीर अख्तर, जितेन्द्र अग्रवाल, सुरेश चन्नावार, सुंदर जोगी, पार्षद प्रतिनिधि राधेश्याम विभार, देवेन्द्र यादव, डॉ. अन्नूराम साहू, जोन अध्यक्ष घनश्याम क्षत्री शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### खल्लारी में महारानी दुर्गावती का बलिदान दिवस कार्यक्रम आज

**महासमुंद**। अखिल भारतीय गोंड़ समाज 18 गढ़ खल्लारी राज में 24 जून 2024 को वीरांगना महारानी दुर्गावती बलिदान दिवस पर श्रद्धासुमन अर्पित किया जाना है। जिसमें अखिल भारतीय गोंड समाज 18 गढ़ केंद्रीय समिति रानी महल पिथौरा के सामाजिक पदाधिकारियों के आतिथ्य में वीरांगना रानी धर्मशाला भवन खल्लारी में यह कार्यक्रम होगा। सर्वप्रथम कलश यात्रा, गोंड़वाना नृत्य, सामाजिक सांस्कृतिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक उत्थान के लिए अतिथियों का उद्बोधन एवं प्रतिभावान 10वी व 12वी के छात्रों, खिलाड़ियों का सम्मान किया जाएगा।

### शराब पिलाने की सुविधा पर कार्रवाई

**महासमुंद**। पटेवा पुलिस ने 22 जून 2024 को शाम करीब 7:10 बजे यात्री भोजनालय के सामने झलप में एक व्यक्ति को अवैध रूप से शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराते पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि यात्री भोजनालय के सामने ग्राम झलप में आरोपी सांता नायक पिता देवी लाल नायक 49 साल ढांक निवासी अवैध रूप से आम लोगो को शराब पीने पिलाने की सुविधा उपलब्ध करा रहा था, जिसके विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 36(सी) कायम कर विवेचना में लिया गया है।

### पैसे के लेनदेन को लेकर पति-पत्नी से मारपीट मामला दर्ज

**महासमुंद**। पटेवा थाना अंतर्गत ग्राम बरभांठा में पैसे की लेन देन की बात को लेकर बड़े भाई, भाभी और मां द्वारा गाली गलौच कर मारपीट करने से मामला दर्ज किया गया है। ग्राम बरभांठा निवासी योगेश बंजारे ने पुलिस को बताया कि सुबह करीबन 8 बजे वह अपने ट्रैक्टर को अपने घर के सामने खड़ा कर रहा था तो उसका बड़ा भाई डिगेश्वर बंजारे, बिंदु बाई एवं पुन्नी बाई तीनों एक राय होकर पैसे की लेनदेन की बात को लेकर उसे गाली गलौज कर रहे थे, जिन्हें गाली देने से मना करने पर डिगेश्वर बंजारे ने योगेश को चप्पल, डंडा से मारपीट करने लगा, लड़ाई, झगड़ा को देखकर योगेश की पत्नी कमलेश्वरी बंजारे आई तो उसके साथ भी गाली गलौज कर योगेश की भाभी बिंदु बाई, मां पुन्नी बाई ने हाथ मुक्का से मारपीट किया तथा तीनों के द्वारा जान सहित मारने की धमकी दिया गया। मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध अपराध धारा 294, 323, 34, 506 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

## आयोजन: मीडिया कर्मियों को साल व श्रीफल देकर किया गया सम्मान

# रानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम खरोरा में स्थित शहीद स्मारक में ग्राम पंचायत सरपंच सुनीता चंद्राकर की अध्यक्षता व सोशल मीडिया तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के आशुतोष तिवारी, हकीम नासिर, मनोहर सिंह, जन्मजय सिन्हा, मुकेश चंद्राकर की उपस्थिति में महारानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती समारोह का आयोजन 22 जून शनिवार को किया गया। शहीद स्मारक के प्रांगण में अतिथियों द्वारा राष्ट्रगान गाया गया। तत्पश्चात पुष्प चक्र द्वारा शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। भारत माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित किया गया। इतिहास प्रसिद्ध सूबेदार मल्हार राव होल्कर के पुत्र खंडेराव की धर्मपत्नी लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में अहिल्याबाई होल्कर के कुशल नेतृत्व, न्याय प्रियता, महिलाओं के उत्थान के लिए किए गए कामों पर विचार प्रकट किए गए। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला इकाई महासमुंद द्वारा महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत सैन्य मातृशक्ति प्रकोष्ठ के तत्वाधान में यह कार्यक्रम आयोजित था। अहिल्याबाई होल्कर की जीवनी पर अंजना चंद्राकर द्वारा प्रकाश डाला गया। सुनीता चंद्राकर द्वारा नारी शक्ति की ताकत पर अपने विचार व्यक्त किया गया। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा आमंत्रित मीडिया साथियों का शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया।





जयंती समारोह मे पूर्व सैनिक सेवा परिषद के अध्यक्ष युवराज चंद्राकर, पूर्व सैनिक प्रदीप चंद्राकर, कनक राम निषाद, कन्हैया लाल सोनी, पुरुषोत्तम डड़सेना, प्रदीप चंद्राकर नेवी, नंदकिशोर सिन्हा, देव दत्त चंद्राकर, आरपी साहू, पीएन दीवान, सहदेव राम ध्रुव, अंजना चंद्राकर, सरला सोनी, केसरी साहू, रोहिणी सिन्हा, पूर्णिमा निषाद, गायत्री साहू आदि मौजूद रहे।

## वीरांगना महारानी दुर्गावती की पुण्यतिथि आज, होंगे विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



आदिवासी ध्रुव गोंड़ महासभा 52 गढ़ द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 24 जून को वीरांगना महारानी दुर्गावती का पुण्यतिथि बागबाहरा रोड सितली नाला स्थित शंकराचार्य भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, अध्यक्षता बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव, विशिष्ट अतिथि सरायपाली विधायक चतुरी नंद, विशेष अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष त्रिलोकी राधेश्याम ध्रुव, शासकीय कर्मचारी संघ प्रदेशाध्यक्ष आरएन ध्रुव, शासकीय सेवक संघ प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश ध्रुव, शासकीय सेवक संघ जिलाध्यक्ष एसपी ध्रुव, नगर पालिका सभापति डमरूधर मांझी होंगे। दोपहर 12 बजे शंकराचार्य भवन से रैली निकाली जाएगी। कार्यक्रम में वीरांगना महारानी दुर्गावती शहीद दिवस पूरे देश के विभिन्न क्षेत्रों के साथ-साथ जिला मुख्यालय महासमुन्द पर भी शहादत को नमन करते हुए श्रद्धासुमन श्रद्धांजलि अर्पित किया जाएगा। कार्यक्रम में समाज के शिवकुमार ध्रुव ने लोगों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने तथा संध्या अपने परिवार के साथ अपने घर आंगन, छत, गांव के चौक चौराहों, उपर्युक्त सुविधानुसार स्थान पर पांच दीपक जलाकर शहादत को नमन करने की अपील की है।

## मिनी स्टेडियम में विकासखंड स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विकासखंड स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

- स्पर्धा में कोई भी स्कूल की टीम ले सकते हैं हिस्सा

24 जून 2024 सोमवार को मिनी स्टेडियम महासमुंद में सुबह 9 बजे होगा, जो भी स्कूल की टीमें भाग लेना चाहती हैं वह निर्धारित समय में उपस्थित होकर उक्त प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। ज्ञातव्य है कि सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता में विकासखंड से लेकर के राष्ट्रीय स्तर तक एक स्कूल की पूरी टीम भाग लेती हैं, जो विजयी होती जाती है। आयु समूह सब जूनियर बालक एवं जूनियर बालक है। भाग लेने वाली स्कूल की टीम में निर्धारित किट, फुटबॉल जूता, पात्रता निर्धारित पैटर्न के साथ उपस्थित हो सकते हैं।

स्कूल सत्र शुरुआत होते ही शालेय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता भी शुरू हो रहे हैं। विभिन्न खेलकूदों में भाग लेने के लिए विकासखंड क्रीड़ा प्रभारी हिरेंद्र कुमार साहू महासमुंद, डॉ सुनील भोई भोरिंग, गणेश राम कोसरे खट्टी, सेवन दास मानिकपुरी बेमचा, अंजनि साहू महासमुंद, वेद राम रात्रे बिरकोनी, राजेश्वरी ध्रुवंशी झलप, सीएस लाल सिरपुर आदि से संपर्क कर सकते हैं।

# बलिदान दिवस पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस (23 जून) पर स्थानीय वार्ड क्रमांक 07 शिवशक्ति केंद्र के बूथ क्रमांक 181 में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने मुखर्जी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया।

भारतीय राजनीति में डॉ मुखर्जी के योगदान का स्मरण करते हुए कार्यकर्ताओं उन्हें श्रद्धाजंलि देते हुए नमन किया। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद मीना वर्मा, शक्ति केंद्र संयोजक गोपाल वर्मा, बूथ अध्यक्ष सुनीता साहू, सारिका यादव, कुमारी सोनी, मालती शर्मा, अनीता सेन, संतोषी साहू, सुनीता जलक्षत्री, कुंती सिन्हा, राधा सिन्हा, पूर्वी, टुकेश्वरी, नंदनी, तारणी सिन्हा सहित बूथ समिति के सदस्य उपस्थित रहे।



### शहीद स्मारक में चलाया गया स्वच्छता अभियान

ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में भारत देश के भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर, प्रदीप चंद्राकर, विजय ठाकुर, चंद्रकांत चंद्राकर, पूजा साहू, सोहाद्र ध्रुव, फुलेश्वरी ध्रुव, जोगेन्द सिंह, वशु साहू,मोजेश कुमार, युवराज सिंह चंद्राकर आदि मौजूद रहे।



## किसान हितैषी है भाजपा सरकार: अलका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा सरकार हमेशा किसानों की हितैषी रही है। केंद्र सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 2300 एवं 2320 रुपए पतला धान का बढ़ाए। साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त भी किसानों के खाते में जमा किया। उक्त बातें अलका चंद्राकर भाजपा विधानसभा प्रत्याशी खल्लारी ने कहीं। गत पांच वर्ष के कांग्रेस के कुशासन में जानबूझकर किसानों को केंद्र से मिलने वाली सम्मान निधि राशि को रोक कर रखा। जिसके परिणाम स्वरुप खल्लारी विधानसभा के लगभग 30000 किसान प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि से वंचित हो गए थे। मुख्यमंत्री, कृषि मंत्री को आवेदन देकर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से वंचित किसानों के लिए पंचायत स्तर पर शिविर लगाने का निवेदन अलका चंद्राकर द्वारा किया गया था। 24 जून से 1 जुलाई तक प्रत्येक ग्राम पंचायत में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से वंचित किसान के लिए ऋण पुस्तिका, आधार कार्ड, बैंक पासबुक की फोटोकॉपी, मोबाइल नंबर के साथ पंचायत भवन में नियत तिथि तक पहुंचे। साथ ही विस्तृत जानकारी के लिए पंचायत सचिव, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। अल्का ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं कृषि मंत्री रामचरण नेताम का खल्लारी विधानसभा के किसानों के तरफ से आभार व्यक्त किया है।

## ऑनलाइन प्रवेश प्रारंभ, प्रथम मेरिट सूची 26 को होगी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त शांत्रीबाई कला वाणिज्य विज्ञान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सविता चंद्राकर ने महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम व सीटों के बारे में जानकारी दी है कि सत्र 2024-25 के लिए महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम-बीएससी कम्प्यूटर साइंस (30 सीट), बीएससी बायो (120 सीट), बीए (भूगोल, मनोविज्ञान व अन्य विषय) (150 सीट) प्रथम वर्ष, पीजीडीसीए (40 सीट) एवं डीसीए (30 सीट) के लिए ऑनलाइन प्रवेश जारी है।

च्वाइस सेंटरों/सीएससी केंद्रों में भीड़ को देखते हुए महाविद्यालय द्वारा छात्र/छात्राओं की सुविधा के लिए महाविद्यालय में निःशुल्क ऑनलाइन प्रवेश फार्म भरने की सुविधा उपलब्ध कराया गया है। प्रवेश लेने को इच्छुक छात्र/छात्राएं महाविद्यालय में उपस्थित होकर उक्त कक्षाओं के लिए निःशुल्क ऑनलाइन प्रवेश फार्म भर सकते है या अपने नजदीकी च्वाइस सेंटरों/सीएससी केंद्रों के महाविद्यालय कोड-361 के माध्यम से प्रवेश फार्म भर सकते है।

### ऑनलाइन प्रवेश के लिए आवश्यक दस्तावेज

छात्र/छात्राओं को ऑनलाइन पंजीयन के लिए कक्षा 10वीं, 12वीं अंकसूची, आधारकार्ड, पासपोर्ट साईज फोटो, हस्ताक्षर, ईमेल आईडी, मोबाईन नम्बर, ब्लड ग्रुप की आश्यकता होगी। 26 जून को मेरिट सूची जारी होने के पश्चात छात्रों को ऑनलाइन प्रवेश फार्म हार्डकापी के साथ कक्षा 10वीं, 12वीं की अंकसूची, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो, स्थानांतरण व चरित्र प्रमाण पत्र की मूल प्रति व निर्धारित शुल्क जमा करना होगा।

## प्री मानसून के बाद तेज गर्मी से मिली राहत



नर्रा। शनिवार को देर शाम मौसम ने करवट ली। क्षेत्र में कहीं अच्छी बारिश तो कहीं सूखा रहा। रविवार प्रात: 8 बजे प्री मानसून बारिश होने से क्षेत्र के लोगों को तेज गर्मी से थोड़ी राहत जरूर मिली। अब किसान खेतों पर नजर आने लगे हैं। धान बोआई का काम शुरू हो गया। बता दें कि कुछ ही किसान भीमसेन एकादशी के दिन से खुर्रा बोआई की शुरूआत कर चुके हैं।

## समारोह में शामिल होने भोपाल रवाना हुए विमल और चंद्रहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मानस भवन श्यामला हिल्स भोपाल में 23 जून को होने वाला स्मृति समारोह के समन्यक पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा व भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर समता एक्सप्रेस से महासमुंद रेलवे स्टेशन से भोपाल के लिए रवाना हुए। पूर्व विधायक ने शालिगराम के जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए बताया कि स्व तोमर का जन्म किसान परिवार में हुआ। अल्पायु में ही संघ के कार्यों के लिए समर्पित थे। राष्ट्र सेवा को अपने जीवन का मूल आधार मानकर हजारों की संख्या में स्वयं सेवक के कार्यकर्ताओं का निर्माण किया।



सन 1967 में स्वर्गीय तोमर उज्जैन के नगर प्रचारक बने। बाद में जिला और विभाग प्रचारक रहे। 1975 के आपातकाल में इनके खिलाफ वारंट लेकर पुलिसकर्मी इन्हें तलाश करते रहे, पुलिस की नजरों से बचकर इन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठित करते रहे और इंदिरा गांधी के तानाशाही सरकार के खिलाफ आंदोलन तेज करते रहे। 1978 में उन्हें विद्यार्थी परिषद के कार्य में लगाए क्रमशः उनका कार्य क्षेत्र बढ़ता गया। तत्पश्चात मध्यप्रदेश, ओडिशा, उत्तरप्रदेश के अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के क्षेत्रीय संगठन मंत्री का दायित्व सौंपा गया।

# कबीर प्राकट्य पर्व पर निकाली गई शोभायात्रा

**बसना**। सद्गुरु कबीर प्राकट्य पर्व पर मानिकपुरी पनिका समाज के द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा को स्थानीय विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने श्वेत ध्वज दिखाकर शुभारंभ किया। डॉ संपत अग्रवाल ने कहा कि सद्गुरू कबीर साहेब की वाणी अजर अमर है। कबीर की वाणी मानवता, समरसता, शांति सद्भावना के साथ जीने की प्रेरणा देता है। कबीर साहेब ने अपनी वाणी से पाखंड, आडंबर का विरोध कर करारा जवाब दिया है। कबीर के जीवन दर्शन को आत्मसात कर अपने जीवन में उतारें तभी सार्थक होगा।

शोभायात्रा वार्ड नंबर 06 कबीर नगर से प्रारंभ होकर पंचमुखी हनुमान मंदिर, शहीद वीर नारायण सिंह चौक होते हुए श्रीराम जानकी मंदिर, पदमपुर रोड से रानी दुर्गावती वार्ड (फोकट पारा )कबीर आश्रम पहुंचा। मानिकपुरी पनिका समाज के सामाजिक जनों के द्वारा श्रीफल, पुष्प अर्पित कर बसना नगर के खुशहाली की कामना की।



वार्ड नंबर 11 कबीर आश्रम से शोभायात्रा शहर भ्रमण करते हुए कबीर नगर सद्गुरु कबीर आश्रम पहुंचा। कबीर आश्रम में संध्या चौका आरती के पश्चात भजन सत्संग का आयोजन किया गया। टाटा बिलासपुर से पधारे कबीर भजन मंडली के द्वारा सुमधुर कबीर भजन गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। शोभायात्रा में आमिन माता महिला मंडल, मानिकपुरी युवा मंच के कार्यकर्ता डी जे की धुन एवं कबीर भजन में झूमते-नाचते चल रहे थे। साहेब बंदगी साहेब के जय घोष से बसना शहर कबीरमय हो गया। शोभायात्रा का नगर भ्रमण के दौरान सभी समाजों के द्वारा स्वागत कर बधाई व शुभकामनाएं दी गई।

बता दें कि सद्गुरू कबीर साहेब जी के प्राकट्य दिवस को प्रतिवर्षों की भांति इस वर्ष भी मानिकपुरी पनिका समाज बसना के द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शोभायात्रा में प्रमुख रूप से जगदीश दास राजन, सेवक दास दीवान,शरण दास, प्रदीप दास, विजय दास, रमेश दास के अलावा मानिकपुरी पनिका समाज के प्रबुद्ध जन,आमिन माता महिला मंडल, युवा मंच के कार्यकर्ता सहित सैंकड़ों की संख्या में सामाजिक जन शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान मानिकपुरी पनिका समाज के जिलाध्यक्ष सेवक दास दीवान का सामाजिक जनों के द्वारा शाल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। प्राकट्य पर्व पर आयोजित कार्यक्रम का संचालन शरण दास राजन के द्वारा किया गया। सद्गुरु कबीर प्राकट्य पर्व पर कबीर पंथ के अनुयायियों के द्वारा बसना क्षेत्र के बरोली, हाड़ापथरा, कुरचुंडी, चिमरकेल, बड़ेडाभा, पिपलखुंटा, बरपेलाडीह, भूकेल, संकरी, सावित्रीपुर, रेमडा, तरेकेला के अलावा विभिन्न गांवों में प्राकट्य दिवस को अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।




